दिल्ली
Delhi

भारत में नकली Nothing और CMF प्रोडक्ट्स पर सख्ती, 1100 से ज्यादा फेक डिवाइस जब्त

हैदराबाद: भारत समेत पूरी दुनिया में काफी तेजी से लोकप्रिय हो चुके स्मार्टफोन और एक्सेसरी ब्रांड नथिंग ने देश में बढ़ते नकली प्रोडक्ट्स के खतरे को लेकर एक अहम चेतावनी जारी की है. कंपनी ने एक नया जागरुकता वीडियो रिलीज़ किया है. इस वीडियो में कंपनी ने दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर की गई कार्रवाई और Nothing और CMF के नकली प्रोडक्ट्स के बढ़ते नेटवर्क को उजागर किया गया है.

इस वीडियो में नथिंग के को-फाउंडर और इंडिया प्रेसिडेंट Akis Evangelidis ने बताया कि भारत में बीते साल नकली Nothing और CMF ब्रांडिंग वाले प्रोडक्ट्स की संख्या में अचानक से काफी बढ़ोतरी देखी गई है. उन्होंने कहा कि कई नकली प्रोडक्ट्स असली जैसे दिखते हैं, जबकि कुछ ऐसे डिवाइस भी मार्केट में बेचे जा रहे थे, जिन्हें कंपनी ने कभी लॉन्च भी नहीं किया था.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/technology/nothing-warns-india-against-counterfeit-cmf-accessories-delhi-police-seize-1100-fake-products-hin26021806829